# Result Mitra Daily Magazine

## ट्रंप पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए

### चर्चा में क्यों?

- पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और वर्तमान रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प 30 मई, 2024 को उस समय पुन: चर्चा में आ गए जब उन्हें न्यूयॉर्क की एक जूरी ने व्यावसायिक रिकॉर्डों में हेराफेरी और पैसा देकर एक पोर्न एक्ट्रेस को चुप रहने के लिए दोषी ठहराया है।

### क्या है आरोप

- ट्रम्प को वर्ष 2016 के चुनाव को अवैध रूप से प्रभावित करने की योजना में व्यावसायिक रिकॉर्डों में पिछले साल, उन पर एक कथित यौन संबंध को छिपाने के लिए वयस्क फिल्म अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को 130,000 डॉलर के भुगतान से संबंधित व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 गंभीर आरोप लगाए गए थे।
- डेनियल्स ने आरोप लगाया था कि उसने 2006 में ट्रम्प के साथ यौन संबंध बनाए थे।
- ट्रम्प पर तीन अन्य आपराधिक मामले भी चल रहे हैं, हालाँकि नवंबर चुनाव से पूर्व इनमें से किसी के भी समाप्त होने की उम्मीद नहीं है।
- हालाँकि इस मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए.
- 


### क्या हो सकती है सजा

- इस मामले में जूरी द्वारा ट्रम्प को 11 जुलाई 2024 को सजा सुनाई जाएगी। यह तारीख इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे कुछ समय बाद ही रिपब्लिकन पार्टी का अधिवेशन होना है . इसी अधिवेशन में राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप की उम्मीदवारी का ऐलान किए जाने की उम्मीद है.

- उल्लेखनीय है कि प्रावधानों के अनुसार व्यापारिक अभिलेखों में हेराफेरी करने के आरोप में चार वर्ष तक की जेल की सजा हो सकती है.
- हालाँकि सजा के सम्बन्ध में अंतिम फैसला जूरी जज जुआन मर्चेन तय करेंगे कि ट्रंप को जेल की सज़ा दी जानी है या नहीं।
- जज ट्रंप को प्रोबेशन की सज़ा भी दे सकते हैं, जिसके तहत उन्हें नियमित रूप से प्रोबेशन अधिकारी के पास रिपोर्ट करना होगा। अगर ट्रंप प्रोबेशन के दौरान कोई और अपराध करते हैं, तो उन्हें जेल हो सकती है।
- इसके अतिरिक्त जज उन्हें अल्प अवधि के कारावास से लेकर सप्ताहांत जेल जैसी परिवीक्षा अवधि तक की भी सजा दे सकता है।

## तत्कालीन फैसले का राष्ट्रपति चुनाव लड़ने पर प्रभाव

- न्यूयॉर्क जूरी के ट्रम्प को दोषी ठहराए जाने के बाद अटकलें लगाई जा रही है कि क्या ट्रम्प अब अमेरिका राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकेंगे या नहीं।
- इसका उत्तर होगा इस दोषसिद्धि के बाद भी ट्रम्प राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं।
- ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिकी संविधान में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के लिए जो पात्रता आवश्यकताएं निर्धारित की गई हैं: उसमें उनकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए, वे "प्राकृतिक रूप से जन्मे" अमेरिकी नागरिक होने चाहिए और कम से कम 14 वर्षों तक अमेरिका में रह चुके होने चाहिए। हालाँकि आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों को रोकने के लिए संविधान में कोई नियम नहीं हैं।
- हालाँकि, वह अपने लिए वोट कर सकते हैं या नहीं, यह अपराधियों के मतदान अधिकारों के बारे में राज्य के कानूनों पर निर्भर करता है।
- 2021 में व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद ट्रम्प ने अपना निवास स्थान फ्लोरिडा में स्थानांतरित कर लिया।
- फ्लोरिडा कानून के तहत, एक अपराधी के मतदान अधिकार उस राज्य के कानूनों पर निर्भर करते हैं जहाँ उसे दोषी ठहराया गया था।
- उल्लेखनीय है कि न्यूयॉर्क में केवल तभी लोगों को मताधिकार से वंचित किया जाता है जब वे जेल की सज़ा काट रहे हों।
- अगर ट्रम्प को जेल की सज़ा नहीं दी जाती है, तो न्यूयॉर्क और उसके बाद फ्लोरिडा में उनके वोटिंग अधिकार बहाल हो जाएँगे।
- इस तरह, ट्रम्प तब तक वोट कर सकते हैं जब तक कि वे चुनाव के दिन जेल में न हों।

## चुनाव और मतदाताओं पर प्रभाव

- इस तरह दोषी पाए जाने वाले वह पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं जिन्हें किसी अपराध का दोषी पाया गया है।
- वह पहले संभावित प्रमुख-पार्टी उम्मीदवार हैं जो एक दोषी अपराधी भी हैं।
- उल्लेखनीय है कि ट्रम्प को इस वर्ष की शुरुआत में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन मिला था और आगामी 11 जुलाई को इस तत्कालीन मामले में सजा सुनाए जाने के कुछ ही दिनों बाद उन्हें पार्टी के अधिवेशन में ट्रम्प की उम्मीदवारी की घोषणा की जानी है।
- सर्वेक्षणों से पता चलता है कि वह डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार और वर्तमान अमेरिका राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ सांख्यिकीय रूप से बराबरी पर हैं और कई महत्वपूर्ण स्विंग राज्यों में थोड़ी बढ़त बनाए हुए हैं जो चुनाव का फैसला करेंगे।
- हालाँकि वर्तमान दोष सिद्धि का मामला ट्रम्प की उम्मीदवारी और मतदाताओं के उनके प्रति समर्थन को बदल सकता है।
- ऐसा इसलिए क्योंकि रिपब्लिकन प्राइमरी के दौरान किए गए एग्जिट पोल में, मतदाताओं ने कहा था कि यदि पूर्व राष्ट्रपति को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया जाता है तो वे उन्हें वोट नहीं देंगे।
- एक अन्य सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रम्प का समर्थन करने वाले 16% लोग ऐसी स्थिति में अपने समर्थन पर पुनर्विचार कर सकते है।

Result Mitra

- हालाँकि दूसरी ओर ट्रम्प के समर्थकों का मानना है कि हाल ही में दोष सिद्धि मामला काफी पुराना है जिसे मतदाता अधिक तवज्जों न देकर नवंबर में चुनावों के समय मुद्रास्फीति, दक्षिणी सीमा, चीन और रूस के साथ प्रतिस्पर्धा और इजरायल तथा यूक्रेन पर खर्च किए जा रहे धन के बारे में अधिक अपने वोट का प्रयोग करेंगें।"

## राष्ट्रपति द्वारा क्षमा की शक्ति

- अंततः एक और पक्ष जो विचार में आ रहा है कि अगर ट्रम्प नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में जीत जाते है तो क्या इसके बाद वह इन सभी आरोपों से स्वयं को क्षमा कर सकते है।
- तो इसका उत्तर होगा नहीं क्योंकि राष्ट्रपति केवल संघीय अपराध करने वालों को क्षमादान दे सकते हैं।
- जबकि वर्तमान न्यूयॉर्क में चुप रहने के लिए पैसे देने का मामला राज्य का मामला है, जिसका मतलब है कि अगर ट्रंप फिर से राष्ट्रपति बनते हैं तो यह उनकी पहुंचसे बाहर होगा।
- इसके अतिरिक्त तीन अन्य मामलें जिस पर अभी फैसला आना बाकी है। उसमें से एक जॉर्जिया राज्य से सम्बंधित है जहाँ उन पर 2020 के चुनाव के दौरान राज्य में राष्ट्रपति जो बिडेन से मिली मामूली हार को पलटने के लिए आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।
- इसके अतिरिक्त दो अन्य मामले (एक वर्गीकृत दस्तावेजों के कथित दुरुपयोग से और दूसरा 2020 के चुनाव को पलटने की साजिश रचने से संबंधित ) संघीय मामलों से सम्बंधित है। जिसके सम्बन्ध में क्षमादान शक्तियां स्पष्ट नहीं हैं।
- संघीय मामलों के सम्बन्ध में संवैधानिक जानकर इस बात पर असहमत हैं कि राष्ट्रपति की क्षमा शक्ति में खुद राष्ट्रपति भी शामिल हैं या नहीं।
- यदि ऐसा होता है तो अमेरिका इतिहास में किसी राष्ट्रपति द्वारा स्वयं को किसी मामले में क्षमा देना ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति होंगे।

Result Mitra